झारखण्ड सरकार
खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय
(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – 21/2023-24 रॉंची, दिनांक 27/01/2024

खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची अन्तर्गत संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों/स्टेडियमों में जिम अधिष्ठापन किया जाना है, जिसके लिए निम्नांकित विवरणी अनुसार जिम उपकरणों की आपूर्त्ति, अधिष्ठापन एवं रख–रखाव करने हेतु इच्छुक, योग्य एवं अधिकृत निर्माता फर्मों/विक्रेताओं से निम्नांकित शर्त्तों के अधीन अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

Sl. No	Sports Equipments Name	Specification	Quantity	Rate per Unit			
				Brand-1	Brand-2	Brand-3	Brand-4
1.	12 Station Multigym	**Dimension: - 450 Cm x 400 Cm x 220 Cm (L x W x H)** • Triceps Ex up to 100 Kg • Lat Pull down • Leg Press • Abdominal Ex • Calf Raise • Leg Extn/Curl • Collor Bone Ex • Abductor/abductor Ex • Hyper Extension Free Weight • Twister Free Weight • Bench press Weight loaded • Rowing Pulley Weight loaded	50 Pc.				

उक्त अति अल्पकालीन निविदा निम्न शर्त्तों के साथ आमंत्रित की जाती हैः–

1. अति अल्पकालीन निविदा दो लिफाफा व्यवस्था अन्तर्गत होंगे। लिफाफों के उपर तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड स्पष्टतः लिखा होना चाहिए।
2. **तकनीकी बीड लिफाफा** – तकनीकी बीड लिफाफा के अंदर निम्न स्वअभिप्रमाणित अभिलेख उपलब्ध कराना आवश्यक होगाः– (i) फर्म का नाम एवं पूरा पता (ii) निबंधन संख्या (iii) पैन नं० (iv) जी०एस०टी० नं० (v) नोटरी पब्लिक से काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधित शपथ पत्र (vi) संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव संबंधी अभिलेख (न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव होना चाहिए)। संबंधित निविदादाता फर्म द्वारा विगत 03 (तीन) वर्षों में भारत सरकार/राज्य सरकार अथवा PSUs को मलखंभ उपकरणों की सफलतापूर्वक आपूर्त्ति करने का अनुभव होना चाहिए, तत्संबंधी कार्यादेश/कार्य पूर्णता प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा। (vii) आयकर रिटर्न (वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23) (viii) संबंधित निविदादाता फर्म का औसत वार्षिक टर्नओवर न्यूनतम ₹ 1,00,00,000/– (एक करोड़ रुपये) होना अनिवार्य है, इसके लिए निबंधित चार्टर्ड अकाउंटेन्ट का सर्टिफिकेट जमा करना अनिवार्य

Scanned with OKEN Scanner

होगा, (ix) अग्रधन के रूप में ₹ 10,000/– (दस हजार रुपये) का बैंक ड्राफ्ट (EMD) निदेशक, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पदनाम से भुगतेय संलग्न करना अनिवार्य होगा।

नोट :– MSME फर्म को तत्संबंधी मान्य प्रमाण–पत्र समर्पित करने पर EMD जमा करने से छूट होगी। अधिकृत विक्रेता के मामले में OEM Authorisation Letter आवश्यक होगी।

3. **वित्तीय बीड लिफाफा** में उपर्युक्त उपकरणों हेतु प्रति इकाई दर (सभी कर सहित) स्पष्ट शब्दों में अंकित रहना चाहिए।
4. निविदादाता उपर्युक्त उपकरण के सैम्पल/कैटालॉग के साथ निविदा समर्पित करेंगे। तकनीकी रूप से योग्य पाये जाने एवं नमूना की स्वीकृति उपरांत ही योग्य पाये गए निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोली जाएगी।
5. **चयनित निविदादाता को कार्यादेश प्राप्ति के 15 दिनों के अन्दर उपकरणों की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन करना होगा तथा उपकरण अधिष्ठापन के 5 वर्षों तक इसका निःशुल्क रख–रखाव भी करना होगा।**
6. उपकरणों की आपूर्त्ति संख्या आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
7. बिना कारण बताये किसी या सभी निविदा को रद्द करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

उपर्युक्त शर्त्तों के अधीन इच्छुक प्रतिष्ठान अपना निविदा सीलबन्द लिफाफे में निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, गेट नं० – 28, बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, राँची – 834008 के पदनाम एवं पता पर दिनांक 07.02.2024 के पूर्वा 11.00 बजे तक समर्पित कर सकते हैं। उक्त तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त प्राप्त निविदाएँ दिनांक 07.02.2024 को अप० 01.00 बजे निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय के कार्यालय कक्ष में निविदा/क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी।

27.01.24

निदेशक,
खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय,
झारखण्ड, राँची।

Scanned with OKEN Scanner